GOVERNMENT OF HARYANA / हरियाणा सरकार

# Directorate School Education
# विद्यालय शिक्षा निदेशालय

शिक्षा, संस्कृति एवं विकास
Education, Culture and Development
School Education, Haryana
तमसो मा ज्योतिर्गमय
Lead me from Darkness to Light

Off.: Shiksha Sadan, Sector 5, Panchkula, Haryana 134109 (India) - Tel: 91(0172)-2560246 Fax: 91(0172)-2560253
कार्यालयः शिक्षा सदन, सैक्टर 5 पंचकुला–134109 (भारत) दूरभाष : 91 (0172) 2560246 फैक्सः 91 (0172) 2560253
e-mail: edusecondaryhry@gmail.com - site: www.schooleducationharyana.gov.in

सेवा में

राज्य के सभी
जिला शिक्षा अधिकारी,
जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी,
जिला परियोजना समन्वयक,
खंड शिक्षा अधिकारी,
राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालयों के स्कूल मुखिया/प्रभारी एवं SMC के अध्यक्ष।

**यादी कमांकः 18/6–2022 ACD (15)**
**दिनांकः 07.04.2026**

**विषयः राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों (GMSSSS) तथा राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालयों (GMSPS) में आवेदन एवं दाखिला प्रकिया के संदर्भ में।**

उपरोक्त विषय के संदर्भ में उल्लेख है कि राज्य में पूर्व में चलाए जा रहे राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों (GMSSSS) की संख्या बढ़कर वर्तमान 218 हो गई है। इनमें से 165 विद्यालय CBSE बोर्ड से सम्बद्धता प्राप्त हैं बाकी की CBSE से Affiliation की प्रक्रिया जारी है तथा इन विद्यालयों में अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा प्रदान की जा रही है। इसके साथ–साथ महाग्रामों, कस्बों तथा शहरों में संचालित 1420 राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय हैं। इन विद्यालयों की स्थापना का उद्देश्य उत्कृष्ट ढांचागत सुविधा प्रदान करते हुए "Centre of Excellence" बनाना है। उपरोक्त विद्यालयों में सत्र 2026–27 हेतु दाखिला प्रकिया आरंभ की जानी है जिसका विवरण निम्नानुसार हैः–

1. **राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयः–**

**(क) सीटों की संख्याः–** प्रत्येक विद्यालय अपनी विद्यालय प्रबंधन समिति (SMC) की बैठक बुलाकर में उपलब्ध कमरों एवं अन्य ढांचागत सुविधाओं/संबंधित बोर्ड (CBSE/HBSE) के मापदंडों के मध्यनजर सीटों का निर्धारण करेंगे तथा जन अवलोकनार्थ रखेंगे। इन उलब्ध सीटों पर ही दाखिला दिया जाएगा।

**(ख) कक्षाओं में दाखिलाः–** ***प्रत्येक विद्यालय द्वारा विद्यालय में उपलब्ध कमरों एवं अन्य ढांचागत सुविधाओं के मद्द्येनजर कक्षा छठी, नौंवी तथा ग्यारहवीं में भी दाखिले अन्य सभी कक्षाओं की तरह (कक्षा 1 के अतिरिक्त) केवल सीटें रिक्त होने की अवस्था में ही किये जाएंगे। इन कक्षाओं में नये दाखिलों हेतु शिक्षण माध्यम की कोई बाध्यता नहीं है, अतः नये अथवा पुराने छात्र–छात्राओं के दाखिले उनकी प्राथमिकता के आधार पर अंग्रेजी या हिन्दी किसी भी माध्यम में किये जा सकते हैं।***

**नोटः– कक्षा 11वीं में दाखिले के संदर्भ में विद्यालय में पहले से पढ़ रहे विद्यार्थियों को प्राथमिकता दी जानी है।**

**(ग) दोहरी पारीः–** यदि SMC विद्यालय को दोहरी पारी में संचालित करने का निर्णय करती है तो ऐसी स्थिति में उन्हें संबंधित बोर्ड CBSE/HBSE के अनुसार अतिरिक्त सैक्शन बनाने की अनुमति प्रदान की जानी बनती है।

(घ) कक्षावार सीटों की संख्या:–

| | |
|---|---|
| कक्षा पहली से पांचवी | अधिकतम 30 विद्यार्थी प्रति सैक्शन |
| कक्षा छठी से आठवीं | अधिकतम 35 विद्यार्थी प्रति सैक्शन |
| कक्षा नौंवी से बारहवीं | अधिकतम 40 विद्यार्थी प्रति सैक्शन |

## 2. राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय:–

**(क) सीटों की संख्या:–** पहली कक्षा में प्रत्येक सैक्शन में अधिकतम छात्र संख्या 30 है तथा केवल अंग्रेजी माध्यम में पढ़ने के इच्छुक विद्यार्थियों को ही इस कक्षा में दाखिला मिलेगा। गत वर्ष की भांति इन विद्यालयों में **कक्षा पहली में हिन्दी माध्यम का सैक्शन नहीं होगा।** सीटों की संख्या विद्यालय में उपलब्ध ढांचागत सुविधाओं, अध्यापकों की संख्या तथा CBSE Norms के अनुसार ही तय की जाएं।

**(ख) सैक्शन की संख्या:–** सभी कक्षाओं में सैक्शन्स (अनुभागों) की संख्या संबंधित SMC द्वारा विद्यालय में उपलब्ध ढांचागत सुविधाओं/मानदंडों के मद्येनजर निर्धारित की जाएगी तथा ड्रा के लिए उपलब्ध करवाई जाएगी।

**(ग) दाखिला प्रकिया:–** शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12(1)(C) के तहत आरक्षण भी दिया जाना है जो निम्नानुसार है:–

| Sr. No. | Category of Candidate in 12(1)(C) (Seat Reserve 25%) | No. of Seats |
|---|---|---|
| 1. | SC | 03 |
| 2. | BC 'A' | 02 |
| 3. | BC 'B' | 01 |
| a. | CWSN (दिव्यांग) अनाथ बच्चे/एच.आई.वी. प्रभावित बच्चे | 02 |

## 3. विद्यालय विकास निधि (VVN):-

इसके तहत पंजीकरण अंशदान केवल एक बार लिया जाना है। गत वर्षों से दाखिल विद्यार्थियों से किसी तरह का पंजीकरण अंशदान नहीं लिया जाएगा। विद्यालय विकास निधि का कक्षावार मासिक अंशदान निम्नानुसार है:–

| क्र0 संख्या | विषय | राशि | कक्षा |
|---|---|---|---|
| 1. | एक मुश्त पंजीकरण अंशदान (VVN) (one time admission contribution) | 500/– | 1 से 5 |
| | | 1000/– | 6 से 12 |
| 2. | मसिक अंशदान (VVN) (Monthly contribution) | 200/– | 1 से 3 |
| | | 250/– | 4 से 5 |
| | | 300/– | 6 से 8 |
| | | 400/– | 9 से 10 |
| | | 500/– | 11 से 12 |

**नोटः– 1. विद्यालय में नए दाखिले हेतु ही एकमुश्त पंजीकरण अंशदान लिया जाना है।**

**2. पूर्व में जारी निर्देशानुसार एक लाख अस्सी हजार से कम वार्षिक आय वाले तथा दिव्यांग विद्यार्थियों से उपरोक्तानुसार विद्यालय विकास निधि नहीं ली जानी है।**

4. **विद्यालय विकास निधि के खर्च के संदर्भ मेंः–** पूर्व प्राप्त अनुमोदन अनुसार विद्यालय विकास निधि का उपयोग विद्यालय के विकास हेतु खर्च किया जाना है। इसके अतिरिक्त विद्यालय के अन्य खर्चे जैसे CBSE Affiliation Charges and various obligation for CBSE Affiliation के संदर्भ में किये जाने वाले खर्च SMC के माध्यम विभागीय नियमों के अनुसार से करने की अनुमति प्रदान की जानी है।
5. **विभाग के पत्र क्रमांक** KW 20/1-2016 ACD (4) दिनांक 21.03.2024 के मद्देनजर विद्यालयों को दोहरी पारी में चलाने की अनुमति प्रदान कर दी गई है।
6. **विद्यालयों में विद्यार्थियों** को कक्षा कक्ष में ही बिठाया जाना है, One Classroom One Teacher व्यवस्था लागू की जानी है। अतः छात्र अध्यापक अनुपात के अनुसार ही कमरे निर्धारित किये जाएं।
7. **प्रत्येक प्राथमिक विद्यालय में 'बालवाटिका कक्षा'** को आरंभ करना अनिवार्य है, इसके लिए नामांकन किया जाए। बालवाटिका में अभी फीस नहीं ली जानी है। बालवाटिका में बच्चों के सैकशन की अधिकतम सीमा निर्धारित नहीं है, अतः इस कक्षा में ज्यादा से ज्यादा नामांकन किया जाए।
8. **आवेदन के लिए आवश्यक दस्तावेजः–**
   - i. जन्म प्रमाणपत्र – अस्पताल/दाई का रजिस्टर अभिलेख, आंगनवाड़ी अभिलेख, माता–पिता अथवा संरक्षक का आयु के लिए शपथ पत्र।
   - ii. रिहायश का प्रमाण पत्र – आधार कार्ड/परिवार पहचान पत्र।
   - iii. आवेदन का फार्म– विभाग द्वारा पहले से ही तैयार किये गए आवेदन फार्म पर ही भरना होगा। यह आवेदन फार्म स्कूल द्वारा माता पिता/अभिभावकों को निःशुल्क उपलब्ध करवाया जाएगा।
   - iv. किसी भी बच्चे को दस्तावेज के अभाव में दाखिले से वंचित नहीं किया जाएगा। बच्चे/अभिभावक को अस्थाई दाखिला देकर 30 दिन का समय प्रदान किया जाएगा।
   - v. यदि आरक्षित सीटों के लिए समुचित संख्या में आवेदन नहीं आते हें तो इन सीटों को सामान्य श्रेणी से भरा जाएगा।
9. **आवेदन के लिए तिथियां (राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक तथा राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय)ः–**

| क्रं0 संख्या | विवरण | तिथियां |
|---|---|---|
| 1. | दाखिला प्रक्रिया आरंभ | 01 अप्रैल, 2026 |
| 2. | विद्यालय मुखिया द्वारा आवेदन पत्र प्राप्त करने की तिथि | 01 अप्रैल, 2026 से 15 अप्रैल 2026 |
| 3. | माता–पिता/अभिभावकों द्वारा आवेदन जमा करवाने की तिथि | 01 अप्रैल, 2026 से 15 अप्रैल 2026 |

| | | |
|---|---|---|
| 4. | ड्रा की तिथि | 16 अप्रैल, 2026 |
| 5. | प्रतीक्षा सूची का दाखिला | 17 अप्रैल, 2026 |

**नोटः– सीटें खाली रहने की अवस्था में दाखिले का दूसरा दौर 18 अप्रैल से आरंभ किया जाना है।**

**इंचार्ज**
**(मॉडल संस्कृति स्कूल)**
**कृतेः महानिदेशक माध्यमिक शिक्षा**
**हरियाणा, पंचकूला**

**पृष्ठांकन क्रमांक –सम–** **दिनांक, पंचकूला 07.04.2026**

इसकी एक प्रति निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. वरिष्ठ सचिव, माननीय प्रधान सचिव, विद्यालय शिक्षा हरियाणा, चंडीगढ़।
2. निजी सचिव, माननीय निदेशक सैकेंडरी शिक्षा, हरियाणा, पंचकूला।
3. निजी सचिव, माननीय निदेशक मौलिक शिक्षा, हरियाणा, पंचकूला।
4. निजी सहायक/माननीया संयुक्त निदेशक (MSS) सैकेंडरी शिक्षा, हरियाणा, पंचकूला।

**-sd-**
**इंचार्ज**
**(मॉडल संस्कृति स्कूल)**
**कृतेः महानिदेशक माध्यमिक शिक्षा**
**हरियाणा, पंचकूला**